एयर इंडिया इमारत में प्रदर्शित होंगे 106 शहीदों के नाम

महानगर संवाददाता
मुंबई

संयुक्त महाराष्ट्र के गठन के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले 106 शहीदों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार के कब्जे में आई एयर इंडिया की नई प्रशासनिक इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने इन सभी 106 शहीदों के नाम प्रमुखता और सम्मान के साथ स्थायी रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्य सचिव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए राज्य के मुख्य सचिव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने मुख्यमंत्री फडणवीस को पत्र भेजकर यह मांग की थी। उन्होंने कहा था कि संयुक्त महाराष्ट्र के गठन के लिए हुए ऐतिहासिक आंदोलन में 106 लोगों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनके बलिदान के कारण महाराष्ट्र का गठन संभव हुआ और उनका योगदान राज्य के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा।

महाराष्ट्र सरकार के कब्जे में आई एयर इंडिया की नई इमारत का फिलहाल नवीनीकरण चल रहा है। जल्द ही यहां प्रशासनिक कामकाज शुरू होने की संभावना है। यह इमारत राज्य सरकार के प्रशासनिक कामकाज का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने वाली है। ऐसे में इसके मुख्य प्रवेश द्वार के सामने संयुक्त महाराष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले 106 शहीदों के नाम आकर्षक, प्रमुख और सम्मानजनक तरीके से स्थायी रूप से प्रदर्शित करने की मांग की गई थी।

शेलार ने कहा कि जिन शहीदों के बलिदान से हमें महाराष्ट्र मिला, उनकी स्मृति भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उनके त्याग को सरकारी स्तर पर सम्मान देना हमारी जिम्मेदारी है। प्रशासनिक इमारत के सामने 106 शहीदों के नाम प्रदर्शित करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस कार्य के लिए आवश्यक होने पर सांस्कृतिक कार्य निदेशालय संबंधित विभाग को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा मुख्य सचिव को कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बाद संयुक्त महाराष्ट्र के आंदोलन में बलिदान देने वाले 106 शहीदों को राज्य की महत्वपूर्ण प्रशासनिक इमारत में सम्मानजनक और स्थायी स्थान मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

मुंबई मेट्रो-6 परियोजना को मिली वित्तीय रफ्तार

सरकार ने MMRDA के लिए 121 करोड़ के कर्ज पर लगाई मुहर

मुंबई। मुंबई की लगातार बढ़ती यातायात समस्या के बीच मेट्रो-6 परियोजना को वित्तीय रफ्तार देने के लिए राज्य सरकार ने 121 करोड़ रुपए के कर्ज पर मुहर लगा दी है। न्यू डेवलपमेंट बैंक से मिलने वाली इस राशि को एमएमआरडीए के जरिए परियोजना पर खर्च किया जाएगा। स्वामी समर्थ नगर-जोगेश्वरी-विक्रोली कॉरिडोर के आकार लेने से इन इलाकों के बीच सार्वजनिक परिवहन की कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। इस मेट्रो सेवा के शुरू होने पर बड़ी संख्या में यात्रियों को सड़क परिवहन के विकल्प के रूप में तेज और सुविधाजनक सफर मिल सकेगा, जिससे निजी वाहनों पर निर्भरता और सड़कों पर यातायात का दबाव कम होने की संभावना है। इसके साथ ही रोजाना सफर में लगने वाले समय और ईंधन की बचत से नागरिकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। मुंबई मेट्रो मार्ग-6 परियोजना के लिए न्यू डेवलपमेंट बैंक से कुल 241 मिलियन डॉलर, यानी करीब 1900 करोड़ रुपए की कर्ज सुविधा मंजूर है।

इस मंजूर कर्ज में से अब तक राज्य सरकार द्वारा कोई राशि वितरित नहीं की गई थी। अब वित्तीय वर्ष 2026-27 की बजटीय व्यवस्था से 121.0029 करोड़ रुपये एमएमआरडीए को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। यह राशि कर्ज के रूप में दी जा रही है और इसकी अदायगी निर्धारित शर्तों के अनुसार करनी होगी। मेट्रो-6 कॉरिडोर के शुरू होने से स्वामी समर्थ नगर, जोगेश्वरी और विक्रोली के बीच सार्वजनिक परिवहन की कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। वर्तमान में इन क्षेत्रों के बीच बड़ी संख्या में यात्री सड़क मार्ग से आवागमन करते हैं। मेट्रो सेवा उपलब्ध होने पर यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन का विकल्प मिलेगा। इससे निजी वाहनों पर निर्भरता कम होने और प्रमुख सड़कों पर यातायात का दबाव घटने की संभावना है।

नौसेना जवान,पत्नी और दो मासूम बच्चों का मिला शव

मुंबई। देश की सबसे सुरक्षित सैन्य कॉलोनियों में शुमार मुंबई के नेवी नगर (कैंटोनमैंट एरिया) से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, यहां एक सरकारी आवास से भारतीय नौसेना के जवान, उनकी पत्नी और दो नन्हे बच्चों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुए हैं। इस सामूहिक मौत की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतकों में जवान और उनकी पत्नी के अलावा 3 साल का एक बच्चा और महज 2 महीने का नवजात शिशु शामिल है।

मानसिक तनाव या पारिवारिक कलह?

नेवी नगर इलाका कड़े सुरक्षा घेरे और नौसेना के सीधे प्रबंधन में रहता है। ऐसे अति-सुरक्षित क्षेत्र में पूरे परिवार के इस तरह खत्म हो जाने से कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस और फॉरेंसिक टीमें घर के भीतर से साक्ष्य जुटाने में लगी हैं। फिलहाल अधिकारियों का कहना है कि मौत के सटीक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस जवान के व्यक्तिगत जीवन, वित्तीय स्थिति और पारिवारिक बैकग्राउंड की पड़ताल कर रही है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी या मानसिक तनाव था,जिसके चलते इतना खौफनाक कदम उठाया गया। भारतीय नौसेना ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि मामले की जांच में पुलिस को हर जरूरी सहयोग दिया जा रहा है। नौसेना के आवासीय परिसर में हुई इस घटना के बाद सुरक्षा और वहां रहने वाले लोगों के कल्याण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, पुलिस की जांच पूरी होने और सभी तथ्यों के सामने आने से पहले घटना की वजह को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।

शुरुआती जांच में सामने आई खौफनाक थ्योरी

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और नौसेना के आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रथम दृष्टया यह मामला सामूहिक आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। बता दें कि शुरुआती तफ्तीश में आशंका जताई जा रही है कि नौसेना कर्मचारी ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त की, जबकि पत्नी और दोनों मासूम बच्चों की जान जहर (Poisoning) देने के कारण हुई है। पुलिस ने घटनास्थल को सील करते हुए चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

मुलुंड में छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। मुलुंड पुलिस ने एक युवा छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिछले कुछ दिनों से छात्रा का पीछा कर रहा था और मौका पाकर उसके साथ अश्लील हरकत करने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, घटना 6 अगस्त को मुलुंड इलाके में हुई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में छह अलग-अलग जांच टीमें गठित कीं। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे करीब 250 CCTV कैमरों की फुटेज की जांच की। इसके अलावा तकनीकी जांच और गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति के लगातार घटनास्थल के आसपास घूमने की जानकारी मिली। CCTV फुटेज में भी उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए पहचान की और 14 अगस्त को उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल रामचरण करोटिया (31) के रूप में हुई है। वह ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में रहता है।

बीएमसी ने 5,474 करोड़ रुपए किए मनमाने ढंग से खर्च!

▶ स्थायी समिति अध्यक्ष प्रभाकर शिंदे का खुलासा ▶ 15 दिनों में खर्च का हिसाब देने के निर्देश

महानगर संवाददाता
मुंबई

मनपा प्रशासन द्वारा स्थायी समिति की मंजूरी के बिना किए जा रहे करोड़ों रुपए के खर्च को लेकर समिति की बैठक में सदस्यों ने तीखी नाराजगी जताई। स्थायी समिति अध्यक्ष प्रभाकर शिंदे ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से 2022 के बीच मनपा प्रशासन ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए स्थायी समिति को दरकिनार कर करीब 5,474 करोड़ रुपए खर्च किए। पिछले कुछ वर्षों से मनपा प्रशासन द्वारा मुंबई महानगरपालिका अधिनियम, 1888 की धारा 69(क) और 72 का इस्तेमाल करते हुए 5 लाख से लेकर 75 लाख रुपए तक के खर्च किए जा रहे हैं। इस मामले में केईएम और सायन अस्पताल का नाम प्रमुखता से सामने आया है। इसी वजह से स्थायी समिति की बैठक में केईएम अस्पताल के अधिष्ठाता डॉ. हरीश पाठक को उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए थे। डॉ. पाठक ने समिति को बताया कि अस्पताल में मिली ट्रॉफियां रखने के लिए शोकेस बनाना, टेलीफोन रैक तैयार करना और अन्य छोटे-मोटे कार्यों के लिए यह खर्च किया गया। हालांकि, समिति के सदस्यों ने उनके स्पष्टीकरण पर असंतोष जताया।

छोटे-मोटे कामों पर खर्च को लेकर सवाल

समिति सदस्यों ने कहा कि प्रशासन को तत्काल और जरूरी कार्यों के लिए खर्च करने का अधिकार दिया गया है। लेकिन इस अधिकार का इस्तेमाल छोटे-मोटे कामों के लिए किया जा रहा है। इससे स्थायी समिति के अधिकारों का उल्लंघन होता है। सदस्यों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह के खर्च को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रभाकर शिंदे ने कहा कि अस्पतालों से संबंधित प्रस्ताव होने के कारण उन्हें मंजूरी मिल जाती है, लेकिन इन अधिकारों का दुरुपयोग होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने मनपा आयुक्त से प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस तरह के खर्च पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। शिंदे ने अतिरिक्त आयुक्त प्राजक्ता लवंगारे वर्मा को निर्देश दिए कि प्रशासन द्वारा अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर किए जा रहे खर्च की समीक्षा की जाए और इस तरह की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

ई-टेंडर नोटिस नं: TRS-BIA-26-27-Pipe line19. **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई के डब्ल्यूएजी 9 और डब्ल्यूएपी 7 लोकोमोटिव में पहिया नंबर 7 के ऊपर स्लैक एडजस्टर ब्रैकेट से बीपी पाइप लाइन को 100 मिमी (लगभग) दूर स्थानांतरित करने हेतु। **काम की लागत:** रुपये 35,99,885/- (रुपये पैंतीस लाख निन्यानवे हजार आठ सौ पचासी रुपये मात्र). **बोली सुरक्षा/ बयाना राशि जमा:** रुपये– 72,000/- (रुपये बहत्तर हजार मात्र) **कार्य की पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 24 माह. **निविदा समाप्ति की तिथि और समय:** 03.09.2026 को 12:30 बजे। **वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं:** http://www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (क.च.स्टा.), भिलाई

PR/R/TRS(BIA)/D360/170

South East Central Railway @secrail

पश्चिम रेलवे

ट्रैक-आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर कार्य

वरि. डीईएन (दक्षिण) एमएमसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, **निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/26-27/109, दिनांक 11.08.2026** आमंत्रित करते हैं. **कार्य एवं स्थान:** चर्चगेट - जलगांव अनुभाग: चर्चगेट से जलगांव के बीच ट्रैक-आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर्स (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार और 1 किमी तक कैरी डाउन प्रभाव) की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्ष). **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 17,55,103,16.40. **ईएमडी:** रु. 10,27,600/-. **जमा करने की तिथि एवं समय:** 11.09.2026, 15:00 बजे तक. **खोलने की तिथि एवं समय:** 11.09.2026 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0478

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

फीडिंग बस एक्स-फीडर में आइसोलेटर का प्रावधान

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008, **ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएमयूबी (ईएसपीटी)/ 14/2025, दिनांक: 12.08.2026** के लिए आमंत्रित करते हैं. कार्य का नाम: चर्चगेट-विरार में मुंबई उपनगरीय अनुभाग के टीएसएस, एसपी एवं एसएसपी पर फीडिंग बस एक्स-फीडर में आइसोलेटर का प्रावधान और नियंत्रण केबल का प्रतिस्थापन. **ईएमडी:** रु. 10,60,15,629.05. **बोली सुरक्षा:** रु. 21,20,300/-. **प्रस्तुत करने की तारीख एवं समय:** 17.09.2026 को 15:00 बजे तक. **खोलने की तारीख एवं समय:** 17.09.2026 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0476

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

संशोधन, डिजाइन, बिछाने और कमीशनिंग कार्य

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, डीआरएम कार्यालय एनेक्स भवन, 3री मंजिल, दो बत्ती, रतलाम (म.प्र.) 457001, **निविदा सूचना क्र.: ईएल-सी-आरटीएम-2026-07-टी, दिनांक: 13.08.2026** आमंत्रित करते हैं. **कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के वडोदरा-रतलाम अनुभाग के चौगुनीकरण परियोजना के संबंध में गोधरा-रतलाम अनुभाग में एचटी एवं एलटी विद्युत क्रॉसिंग/ लाइन अतिक्रमण का संशोधन, डिजाइन, बिछाने और कमीशनिंग. **अनुमानित मूल्य:** रु. 6,63,63,506.87. **बोली जमा:** रु. 13,27,300/-. **ऑनलाइन बोली शुरू होने की तिथि:** 28.08.2026. **निविदा बंद होने की तिथि:** 11.09.2026 को 15:00 बजे. अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0482

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

राज्य में 1,440 डॉक्टरों की जल्द होगी नियुक्ति

स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने दी जानकारी नागरिकों की शिकायत के लिए शुरू किया जाएगा पोर्टल

महानगर संवाददाता
मुंबई

राज्य में डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने बताया कि राज्य में उपलब्ध 1,440 डॉक्टरों की आगामी कुछ दिनों में नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा 600 डॉक्टरों की भर्ती के लिए जल्द विज्ञापन जारी किया जाएगा। इनमें करीब 250 दंत चिकित्सक भी शामिल हैं, जो शीघ्र ही नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। प्रकाश आबिटकर ने कहा कि स्वास्थ्य समितियों के माध्यम से अब तक छह लाख से अधिक नागरिकों से संवाद किया जा चुका है। आगामी दिनों में चार लाख और नागरिकों से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझा जाएगा तथा उनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति पर मंत्री आबिटकर ने कहा कि ,डॉक्टर समय पर उपस्थित रहते हैं या नहीं, डॉक्टर मरीजों के साथ उचित व्यवहार एवं संवाद करते हैं या नहीं तथा अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं, इसकी प्रत्यक्ष जानकारी ली गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतें और समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने की सुविधा देने के लिए जल्द ही एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा। इसके माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय बचत समूहों के माध्यम से अस्पतालों में भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक और संतुलित भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 'निरोगी महाराष्ट्र–सुदृढ़ महाराष्ट्र' की संकल्पना को साकार करने के लिए नागरिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी बढ़ाई जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली समस्याओं को समझकर प्रभावी उपाय किए जाएंगे और राज्य के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयासरत रहेगा।

मुंब्रा को 'मुंब्रादेवी' के नाम से बुलाया जाए

राज्य में है हिंदूवादी सरकार : नितेश राणे

मुंबई। अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले राज्य के मत्स्य व्यवसाय एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे एक बार फिर अपने बयान को लेकर काफी चर्चा में हैं। रविवार को मुंब्रा में आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल हुए राणे ने मुंब्रा का नाम बदलकर 'मुंब्रादेवी' करने की मांग की। उनके इस बयान के बाद एक बार फिर राज्य की राजनीति गर्म हो गई है। नितेश राणे ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र है और मुंब्रा को अब 'मुंब्रादेवी' कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को आज से मुंब्रा को 'मुंब्रादेवी' कहना चाहिए। राणे ने कहा लोगों को लगा था कि मैं मुंब्रा नहीं आऊंगा, लेकिन वे भूल गए कि यह मुंब्रा नहीं, बल्कि 'मुंब्रादेवी' हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह हिंदू राष्ट्र है और यहां किसी से डरकर रहने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से वे लोगों को यह संदेश देने आए हैं कि राज्य में हिंदुत्ववादी विचारधारा वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि 'मुंब्रादेवी' में हिंदुओं की ताकत बढ़नी चाहिए और यह क्षेत्र पहले भी भगवामय था आगे भी रहेगा। राणे के इस बयान के बाद राजनीतिक विवाद छिड़ने की संभावना है। क्योंकि उन्होंने यह बयान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के विधानसभा क्षेत्र में दिया है।

पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/46/2026, दिनांक 13.08.2026

क्र सं.	निविदा क्र.	वस्तु का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
372	14265091	हिताची ट्रैक्शन मोटर के लिए रोलर बेयरिंग का सेट. सेट में शामिल हैं	420 सेट	17-सितंबर-26
373	10262741ए	सीएलडब्ल्यू विनिर्देश ए-0113 ऑल्ट. 'ए' के अनुरूप सिलिकॉन रबर कंपाउंड (आरटीवी)	26483 नग	17-सितंबर-26
374	06261300	110 वोल्ट ब्रशलेस डीसी	3441 नग	15-सितंबर-26
375	06261416	इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम	149 नग	14-सितंबर-26
376	28261236ए	अमोक्सिसिलिन 500 मिलीग्राम और क्लैवुलैनिक एसिड 125 मिलीग्राम टैबलेट	676400 नग	14-सितंबर-26
377	29265005ए	ब्रेन एंडोस्कोपी सिस्टम	2 नग	11-सितंबर-26
378	26265120	ड्रॉइंग क्र. आरडीएसओ/टी-8979 से आरडीएसओ/टी-8982 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर वाले शार्प कर्व पर उपयोग के लिए एचवीएन-66 इंसुलेटिंग लाइनर की आपूर्ति हेतु 1 वर्ष का संचालन अनुबंध	227873 नग	10-सितंबर-26
379	06261297	4.5 किलोवाट अंडरस्लंग कॉन्स्टैन्ट वोल्टेज	144 नग	9-सितंबर-26
380	06261241	कम रखरखाव वाली लेड एसिड	423 नग	9-सितंबर-26

शुद्धिपत्र

कृपया निविदा सूचना क्र. एस-37-2026 दिनांक 10.07.2026 के क्र. सं. 313 के लिए मात्रा "39903 मीटर" पढ़ें.

ईएमडी, खरीद प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों संबंधी विस्तृत सूचना के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें. 0484

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें X.xom/WesternRly

नाश्ता लाने को कहा तो पिता पर भड़का बेटा

ईंट से सिर पर किए 6-7 वार

मुंबई। मुंबई के कालाचौकी इलाके में नाश्ता लाने को कहने पर एक युवक ने अपने 70 वर्षीय पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने कथित तौर पर पिता से विवाद के बाद उन्हें धक्का दिया और ईंट से सिर पर छह से सात बार वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता श्रीधर शंकर रहाटे अभ्युदयनगर, कालाचौकी में रहते हैं। उनका 35 वर्षीय बेटा 15 अगस्त की रात घर पर था। पिता ने उसे नाश्ता लेकर आने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर बेटे ने पिता को धक्का दिया और जान से मारने के इरादे से ईंट से उनके सिर पर छह से सात बार वार किए। हमले में श्रीधर रहाटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की शिकायत मिलने के बाद कालाचौकी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

चाकण की ट्रैफिक समस्या का होगा समाधान

सरकार का उच्च स्तर समिति गठन का फैसला, उद्योगों की शिकायतों के लिए अलग कक्ष

महानगर संवाददाता
मुंबई

पुणे जिले के चाकण औद्योगिक क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक जाम और खराब सड़कों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए महाराष्ट्र सरकार ने उच्चस्तरीय समिति गठित करने का फैसला किया है। इसके साथ ही उद्योगों से जुड़ी प्रशासनिक शिकायतों के समयबद्ध निवारण के लिए उद्योग शिकायत निवारण कक्ष भी बनाया जाएगा। राज्य सरकार के नियोजन विभाग ने इस संबंध में शासन निर्णय जारी किया है।

दरअसल चाकण औद्योगिक क्षेत्र में गंभीर ट्रैफिक जाम, खराब सड़कों और बड़े-बड़े गड्ढों के तंग आकर करीब 20 लघु उद्योगों ने चाकण छोड़कर सातारा के खंडाला एमआईडीसी में जाने का फैसला किया है। इसके बाद सरकार ने उच्च स्तरीय समिति गठन का फैसला किया। सरकार ने माना है कि पूरे क्षेत्र की सड़क और यातायात व्यवस्था को विभागवार नहीं, बल्कि एकीकृत तरीके से देखने की जरूरत है।

समिति चाकण क्षेत्र की प्रमुख सड़कों, औद्योगिक क्षेत्रों तक जाने वाले मार्गों, आंतरिक व जोड़ सड़कों, सेवा सड़कों, प्रमुख चौराहों, जल निकासी व्यवस्था, फुटपाथ, ट्रैफिक सिग्नल, पार्किंग, सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए एकीकृत सड़क एवं यातायात प्लान तैयार करेगी। इस प्लान में तत्काल, अल्पकालीन, मध्यम अवधि और दीर्घकालीन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तय किया जाएगा।

जरूरी कामों को फास्ट ट्रैक पर मंजूरी

समिति द्वारा तत्काल आवश्यक और प्राथमिकता वाले सड़क एवं यातायात संबंधी कार्यों को संबंधित विभागों और प्राधिकरणों के माध्यम से फास्ट-ट्रैक आधार पर मंजूरी देकर शुरू किया जाएगा। इधर उद्योग मंत्री उदय सामंत रविवार को चाकण पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। सामंत ने बताया कि 31 अगस्त तक चाकण औद्योगिक क्षेत्र के सभी गड्ढे भरने का लक्ष्य तय किया गया है।

जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (परिसमापनाधीन)

पंजीकृत कार्यालय - स्टर्लिंग सेंटर, 401-407, 4थी मंजिल, डिवाइन चाइल्ड हाई स्कूल के सामने, अंधेरी कुर्ला रोड, चकाला, अंधेरी पूर्व, मुंबई - 400093
सीआईएन: एल99999एमएच1992पीएलसी066213
(माननीय एनसीएलटी के 26 नवंबर 2024 के आदेश के अनुसार परिसमापन प्रक्रिया अधीन कंपनी)

ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक घोषणा

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के तहत सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (परिसमापनाधीन) (**"कॉरपोरेट देनदार"**) के स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों (जिनका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है), जो कॉरपोरेट देनदार की परिसमापन संपदा का हिस्सा हैं, की बिक्री के लिए ई-नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं. यह बिक्री दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (**"आईबीसी"**) के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार, 'जहां है जैसी है', 'जो है जैसी है', 'जैसी है जिस प्रकार है', 'जो कुछ भी है' और 'बिना किसी सहारे' के आधार पर तथा बिना किसी अभ्यावेदन, वारंटी या क्षतिपूर्ति के की जाएगी.

यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफॉर्म बांकनेट (पूर्व में ईबीक्रे) https://ibbi.baanknet.com (**"ई-नीलामी प्लेटफॉर्म"**) के माध्यम से, अन्य बातों के साथ, आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32 और 17 अगस्त 2026 के परिसंपत्ति बिक्री प्रक्रिया ज्ञापन (**"एएसपीएम"**) के अनुसार की जाएगी. सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि सभी पात्रता दस्तावेज और बयाना राशि एएसपीएम के खंड 4 (पात्रता दस्तावेज) में निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार सख्ती से और केवल ई-नीलामी प्लेटफॉर्म पर प्रस्तुत किए जाने हैं.

ई-नीलामी की महत्वपूर्ण तारीखों का कार्यक्रम	
पात्रता दस्तावेज और धारा 29ए के तहत वचनपत्र ई-नीलामी प्लेटफॉर्म पर प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय	मंगलवार, 01 सितंबर 2026, सायं. 6:00 बजे (यूटीसी+5:30)
ई-नीलामी प्लेटफॉर्म पर बयाना राशि (**"ईएमडी"**) जमा करने की अंतिम तारीख और समय	मंगलवार, 01 सितंबर 2026, सायं 6:30 बजे (यूटीसी+5:30)
ई-नीलामी की तारीख और समय	शुक्रवार, 04 सितंबर 2026, सुबह 11:00 बजे से सायं. 5:00 बजे तक (यूटीसी+5:30)
अंतिम बिक्री प्रतिफल के भुगतान की अंतिम तारीख	अधोहस्ताक्षरी द्वारा अंतिम बिक्री प्रतिफल के भुगतान की मांग का पत्र जारी किए जाने के 60 (साठ) दिनों के भीतर

राशियां भारतीय रुपये में

अ. क्र.	परिसंपत्ति का विवरण	परिसंपत्ति आईडी	नीलामी आईडी	आरक्षित मूल्य*	बयाना राशि जमा (ईएमडी)	वृद्धिशील मूल्य
1	एप्पल आईपैड एयर 2	4428	4496	20,94,078	2,09,408	1,04,704
2	नेटवर्किंग और अवसंरचना परिसंपत्तियां	4429				
3	वर्कस्टेशन पेरिफेरल्स	4430				

*करों, अधिरोपणों, शुल्कों, ड्यूटी, हस्तांतरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, प्रीमियम और बिक्री को पूरा करने के लिए लागू सभी आवश्यक खर्चों आदि को छोड़कर, जिनका अधिक विस्तृत विवरण एएसपीएम के खंड 19 (लागत, व्यय और कर संबंधी प्रभाव) में दिया गया है. अधोहस्ताक्षरी या क्षतिपूर्ति प्राप्त पक्षों (संबंधित एएसपीएम में परिभाषित) द्वारा कोई अभ्यावेदन, वारंटी या क्षतिपूर्ति प्रदान नहीं की जाएगी.

महत्वपूर्ण टिप्पणियां:

1. 1 (एक) ई-नीलामी उपर्युक्त सूचीबद्ध 3 (तीन) परिसंपत्तियों के लिए बॉकनेट पोर्टल पर आयोजित की जाएगी.
2. इस बिक्री सूचना को एएसपीएम के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जिसमें परिसंपत्तियों का विवरण, आईबीसी की धारा 29ए के तहत पात्रता के लिए घोषणाएं, शपथपत्र और वचनपत्र तथा 'ई-नीलामी बिक्री के सामान्य और तकनीकी नियम एवं शर्तें' शामिल हैं, जो उपर्युक्त परिसंपत्ति और नीलामी आईडी के समक्ष बॉकनेट पर https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/auc-listing या